तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 1 जनवरी 2024



10 तीसरी बार प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : नायब





11 लाभार्थियों को मौके पर गैस सिलेंडर वितरित





HAPPY NEW YEAR 2024 | नव वर्ष 2024 कैथल विशेषांक | HAPPY NEW YEAR 2024




## MDN GLOBAL SCHOOL, KAITHAL




HAPPY NEW YEAR 2024

**REGISTRATION OPEN FOR SESSION 2024-25**

**OUR SALIENT FEATURES**
- Most preferred school for kindergarten
- Practical learning approach & strong communication skills
- Healthy & Creative environment for your kids
- Individual Focus and Assessments
- Quality education at nominal fee structure
- Activities on special days
- Fully Air Conditioned School & Buses
- Well equipped Science, Mathematics & Computer Science Lab
- Toy Train & Science Park for students
- Situated in very peaceful and lush green campus
- Various training & workshop for teachers & students
- All Campus & Buses under CCTV Surveillance
- Play ground in 9 acre land for Kabaddi, Cricket, Volleyball, Athletics & Badminton etc

Commencing of Foundation Classes very soon .....

**FOR MORE INFORMATION**
- 87087-71586/ 89017-75935
- www.mdnglobalschool.com
- Behind Gulmohar City, Deod Kheri Road, Kaithal



| Ms. Nidhi Kansal | Dr. Vinod Kumar | Adv. Gaurav Garg | Dr. Sant Kaushik |
|---|---|---|---|
| Chairperson | Director | Manager | Principal |
| M.A., M.Ed. | B.Ed., M.Sc. (Physics), Ph.D. (Physics) | M.Com., MBA, LLB | M.A. (English, Hindi), M.Ed., M.Phil (English), Ph.D. (Education) |

## जाट कॉलेज, कैथल

Karnal Road, Kaithal - 136027 Ph. 01746-23556

Contact Us : 01746-235255 Jatitiktl@gmail.com www.jatitiktl.com



**जाट हाई स्कूल सोसायटी, कैथल**

की ओर से आप सभी को नव वर्ष 2024 मकरसंक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. अनिल बिढ़ान**
प्रशासक
जाट हाई स्कूल सोसायटी, कैथल

**कोर्स उपलब्ध :**
- बी.ए., बी.कॉम
- बी.एस.सी ( कम्प्यूटर साईस)
- बी.एस.सी. ( नॉन मैडिकल)
- एम. ए. (इतिहास)
- आपदा प्रबंधन डिप्लोमा ।

**विशेष सुविधाएं**
1. शिक्षा के अनुकूल वातावरण
2. भव्य भवन व सुज्जित पुस्तकालय ।
3. सभी सुविधाओं से युक्तप्रयोगशाला में ( फिजिक्स केमिस्ट्री कंप्यूटर एवं भूगोल )
4. प्रतियोगी छात्र छात्राओं के लिए अलग से पुस्तकालय एवं प्रशिक्षित स्टाफ।
5. खुला एवं स्वच्छ वातावरण।
6. खेलों की विशेष सुविधा।
7. लड़कियों व प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति

1. SC/ST/OBC विद्यार्थियों को सरकारी छात्रवृत्ति का पूर्ण लाभ।
2. समय-समय पर चरित्र निर्माण रोजगार सरकार संस्कृति शिक्षा एवं नारी विषयक विषय पर संगोष्ठियां या सैमिनार एवं प्रेरक निबंध करवाए जाते हैं।
3. 'आपका बच्चा, हमारी धरोहर सोच' के साथ कार्यरत अनुभवी एवं कुशल स्टाफ प्रतिवर्ष शैक्षणिक भ्रमण।
4. किसी भी रूट से 20 या 20 से अधिक लड़कियों के प्रवेश पर कॉलेज बस सुविधा दी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| JAT COLLEGE | JAT COLLEGE OF EDUCATION | JAT I.T.I. |
| JAT SHINING STAR PUBLIC SCHOOL | JAT SR. SEC. SCHOOL | |
| JAT S. C. R. ACADEMY | JAN NAYAK CH. DEVILAL E-LIBRARY | |






## खबर संक्षेप

### युवती से अश्लील हरकत करने का आरोपी काबू

**जींद।** गांव धमतान साहिब निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि गत 28 दिसंबर को गांव के ही नरेश ने उसकी उसकी 15 वर्षीय भतीजी से अश बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांव चाबा में घर के पास से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी

**कैथल।** गांव चाबा से चोर एक ट्रैक्टर-ट्राली चुराकर ले गए। चाबा के हरविंद्र सिंह ने गुहला थाना में शिकायत दी है कि 27 दिसंबर को उसने घर के पास ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी की थी। रात को चोर उसकी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ले गए।

### राइस मिल में लैपटाप व अन्य उपकरण चोरी

**सफीदों।** असंध रोड स्थित पाजू मोड के पास स्थित एक राइस मिल में चोरी का मामला सामने आया है। लक्ष्मी राईस मिल के मुनीम मनजीत ने कहा कि मिल में रात को 8 बजे ड्यूटी खत्म करके वह घर चला गया था। अगले दिन सुबह आकर ड्यूटी संभाली तो लैपटाप, डाटा केबल, अन्य उपकरण व जरूरी कागजात नहीं मिले।

### तेजधार हथियार से हमला करने पर मां व बेटा नामजद

**जींद।** गांव सच्चाखेडा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने चचेरे भाई के पास जा रहा था। उसी दौरान विक्रम तथा उसकी मां गगां ने रोक लिया और तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने दीपक की शिकायत पर विक्रम तथा गंगा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाली करते हुए राशि समेत एक काबू

**सफीदों।** सीआईए स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि मुआना गांव का साहिल उर्फ गोलू अपनी दूकान के बाहर सरेआम में सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने मौके पर रेड कर साहिल को काबू किया। तलाशी में उसके पास से सट्टे का पर्चा व 3870 रुपए बरामद किए।

### ग्रामीणों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

**उचाना।** कसूहन गांव चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात को ग्रामीणों ने सुना। मन की बात कार्यक्रम को सुनने का प्रबंधक भाजपा नेता देवेंद्र अत्री द्वारा किया गया। देवेंद्र अत्री ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के 108वें कार्यक्रम को लोगों ने सुना।

### नववर्ष पर होगा मंगल पाठ और प्रवचन

**उचाना।** राजेंद्रा कालोनी में नव वर्ष पर मंगल पाठ, प्रवचन होगा। महिला मंडल पूर्व प्रधान रेखा जैन ने बताया कि साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 द्वारा नववर्ष पर प्रवचन किया जाएगा। क्षेत्र में सुख, समृद्धि की कामना के लिए मंगल पाठ भी होगा। लोगों को सामाजिक बुराई से दूर करने को प्रेरित किया जाएगा।

### सिंघाना में मनाया नए साल का जश्न

**सफीदों।** गांव सिंघाना में रविवार को कृष्ण भाटिया के संयोजन में नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया गया। बतौर अतिथि आरपीआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील गहलावत ने शिरकत की। कार्यक्रम में अतिथियों को फूलमालाओं से अभिनंदन किया। इस मौके पर नए साल के आगमन पर आतिशबाजी भी की गई।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

**उचाना।** नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के तहत डूमरखा खुर्द गांव में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के तौर पर सुषमा देवेंद्र अत्री पहुंची। यहां पर महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हलके के हर गांव में आयोजित किए जाएंगे।

# बांगर उत्सव को लेकर तैयार उचाना, उत्सव में आने वालों पर होगी फूलों की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

नव वर्ष पर सोमवार को बांगर उत्सव संगठन द्वारा नव वर्ष पर दूसरी बार बांगर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर पूरा उत्साह लोगों में नजर आ रहा है।

बांगर की संस्कृति, धरोहर, सभ्यता से कार्यक्रम को जोड़ा गया है। लोगों को अनेकों प्रकार की सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। बांगर शिक्षा समिति चेयरमैन सज्जन सिंह, मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन प्रेम पहलवान, हरेंद्र सिंह, संजीव डूमरखा, सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूरी है। लोगों में जबरदस्त उत्साह है। सभी लोग एक साथ मिलकर नव वर्ष मनाएंगे। बांगर की धरती से भाईचारे का संदेश नए साल पर पूरे प्रदेश में जाएगा। आने वाले समय में बांगर उत्सव को पर्व की तरह हर साल नव वर्ष पर मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीति होगा।



उचाना। बांगर उत्सव को लेकर लगाए जा रहे प्रदर्शनी स्टॉल। फोटो: हरिभूमि

### कई विभागों की मिलेगी जानकारी

पशुपालन एवं डायरी विभाग से संबंधित जानकारी जिसमें विशेष तौर पर पशुधन, दूग्ध डायरी के ण, परिवार आईडी , पेंशन, बीपीएल, आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी के लिए भी स्टॉल होंगे। पीएम आवास योजना के तहत जो-जो योजनाएं, हरियाणा रा'य आजीविका मिशन से संबंधित जिसमें मनरेगा से संबंधित जानकारी दी जाएगी। खाद्य आपूर्ति विभाग, विदेश में जाने को लेकर युवाओं को जानकारी दी जाएगी। जिला जींद की महान विभूतिया, महिला शिक्षण संस्थानों, खेल स्टेडियमों, गौशालाओं, महाभारत कालीन तीर्थ स्थलों, खिलाड़ियों, बागवानी, उद्योगों की प्रदर्शनी लगेंगी। बांगर क्षेत्र की प्राचीन धरोहरों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। गीता जयंती की तर्ज पर अनेक व्यवसायी अपने उत्पादन का स्टॉल भी लगाएंगे।

### कार्यक्रमों को लेकर अलग-अलग सौंपी जिम्मेदारी

बांगर उत्सव संगठन के महासचिव जुगमिंद्र कोच, सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि अलग-अलग कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांस्कृतिक गतिविधियों के बांगर शिक्षा समिति चेयरमैन सज्जन सिंह, बीरेंद्र सिंह नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बाबा वजराला, रामचंद्र अत्री, डॉ. प्रीति कौशिक, भाषण प्रतियोगिता के आरजीएम उचाना प्रिंसिपल आईएस लाखलान, शिक्षाविद् डॉ. रामफल खटकड़, खेलकूद के डॉ. दलबीर खर्ब, भारत भूषण गुप्ता, राज सिंह, सतीश सुदकैन, सुभाष खेड़ी मसानियां, सुशील नायक, राजबीर थुआ, जगरूप, जसवंत उचाना खुर्द, श्रीकांत, सतीश कलायत, सुरेंद्र अलेवा, सुमित लोहान, अनिल कुमार को अलग-अलग खेलों का इंचार्ज बनाया गया है। 10 साल से कम आयु के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता को लेकर सुनील देवी सफा खेड़ी, प्रवीण खापड़, सुदेश नगूरां, संतोष बधाना, वीना राणा, वीना घोघड़िया, सखी-सहेली मिलन स्टॉल को लेकर अनूप ढिल्लों, सुदेश नगूरां, प्रवीण खापड़, प्रदर्शनी स्टॉलों को लेकर जुगमिंद्र कोच, हरेंद्र सिंह, रामचंद्र अत्री, रामकुमार घोघड़िया, भारतभूषण गर्ग, रामफल खटकड़, धर्मबीर आर्य को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले, देश में कांग्रेस का कोई वर्चस्व नहीं बचा


# देश व प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : नायब

- सफीदों की पुरानी अनाज मंडी में कमेरा वर्ग सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सफीदों

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि देश में कांग्रेस का कोई वर्चस्व नहीं बचा है और इसका सूपड़ा साफ हो चुका है। अब अपने वर्चस्व को बचाने के लिए नए-नए गठबंधन बनाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी-मनोहर के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुत से भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी रविवार को सफीदों की पुरानी अनाज मंडी में कमेरा वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। प्रदेश की मनोहर सरकार में मैरिट और योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलती है। उन्होंने कांग्रेस को आडे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदा भ्रम फैलाकर राजनीति की है, लेकिन भाजपा की राजनीति जनहित के लिए है। कांग्रेस की दुकान में अब कोई सामान नहीं बचा है। इस पार्टी के नेता अब लोगों को गुमराह करने में लगे हैं, लेकिन अगले वर्ष होने वाले चुनावों में भी इन्हें कुछ हाथ लगने वाला नहीं है। उन्होंने पिछले दस साल उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार में मैरिट और योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलती है। कांग्रेस राज में विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र से चला एक रुपये महज एक पैसा रह जाता था जबकि भाजपा सरकार ने इसे सवा रुपया करके दिखाया है और आज हर वर्ग बेहद खुश है।





सफीदों। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी तथा पालाराम बैरागी को पगड़ी पहनाकर बुके भेंट करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष। फोटो: हरिभूमि

### कमेरा वर्ग के बिना संपूर्ण समाज का काम नहीं चलता

मोदी-मनोहर शासन में देश और प्रदेश में गरीब कल्याण और सुशासन के लिए काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो मेहनत करता है वहीं कमेरा वर्ग है। इस वर्ग के बिना संपूर्ण समाज का काम नहीं चलता। समाज के हर कार्य की धूरी इसी कमेरे वर्ग के ईद-गिर्द घूमती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान विश्वकर्मा के बताए मार्ग पर चल रहे हैं और कमेरे वर्ग को पूरा मान-सम्मान दे रहे हैं। कमेरे वर्ग के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र व नौकरियों में पूरी हिस्सेदारी दी जा रही है। केंद्र व रा'यों में पिछड़ा व कमेरे वर्ग के लोगों को टिकटें देकर उन्हें विधानसभा, लोकसभा व रा'यसभा में भेजा जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का मान पूरे विश्व पटल पर बढ़ाया है। पिछले 10 वषारें के शासन में देश और प्रदेश में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास हुआ है। सरकारी योजनाओं का उसके असली हकदारों तक सीधा लाभ पहुंच रहा है। आयुष्मान कार्ड व चिरायु योजना के माध्यम से गरीबों व मध्यम वर्ग के लोगों को 5 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा पहुंची है और जनता इन दोनों योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रही है। युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने व अयोध्या में राम मंदिर बनाने का काम कांग्रेस ने नहीं किया लेकिन ये दोनों कार्य देश की नरेंद्र मोदी सरकार ने करके दिखाए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्रीराम प्रतीमा की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाए।

### अचानक चाय की दुकान पर रुके नायब सैनी, दुकानदार को पहनाई पगड़ी

**सफीदों।** अनाजमंडी में कार्यक्रम खत्म करके जब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी वापस जा रहे थे तो उन्होंने जींद रोड पर एक चाय की दुकान देखी और तुरंत अपनी गाड़ी रोकी। नायब सैनी ने उतरकर दुकान चला रहे पालाराम बैरागी को पगड़ी पहनाई और फूलों का गुलदस्ता दिया।

- कहा, गरीबों के साथ खड़ी है सरकार

सैनी ने यहां कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के साथ खड़ी है और उनके हर सुख.दुख में साथ रहेगी। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाया जाएए इसलिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू क गई हैं। उन्होंने पालाराम बैरागी से इन योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में पूछा तो पालाराम ने बताया कि उसे सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा द्वारा जो विकसित भारत योजना के तहत यात्रा निकाली जा रही हैए उसके कारण सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। यदि कोई व्यक्ति किसी योजना से वंचित रह जाता है तो भाजपा पदाधिकारी जाकर व्यक्ति को लाभ दिला रहे हैं। पालाराम ने कहा कि भाजपा की यही खास बात है।



सफीदों। नायब सैनी का स्वागत करते कर्मवीर सैनी व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

# 'किसी भी संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं कार्यकर्ता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सफीदों

- सफीदों बाईपास पर किया प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने स्वागत

सफीदों पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही सरकारें बनती हैं। इसलिए अपने साथियों को मजबूत करो। यह नया साल चुनावी साल है। देश व प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सफीदों बाईपास पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने नायब सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि नायब सैनी के प्रदेशाध्यक्ष बनने से भाजपा प्रदेश में और 'यादा मजबूत हुई है। इसके बाद नायब सैनी को हजारों बाइकों के साथ अनाजमंडी में आयोजित पांचाल समाज की रैली स्थल तक लाया गया। नायब सैनी ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा जो जनकल्याणकारी नीतियां चलाई जा रही हैं, उससे हर नागरिक संतुष्ट है। हर कार्यकर्ताओं को यह देखना होगा कि किसी पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। यदि किसी को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तो उसे जागरूक करें और उसे इन योजनाओं का लाभ दिलाएं। सरकार की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। यहां काफी संख्या में लोगों ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। नायब सैनी तथा कर्मवीर सैनी ने कहा कि हर कार्यकर्ता का पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। किसी भी कार्यकर्ता को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। नायब सैनी ने कहा कि जल्द ही संगठन को और 'यादा मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर सैनी सभा के प्रधान राजकुमार सैनी, जगदीश कश्यप, सेवाराम सैनी, रोशन लाल गुर्जर, रणबीर कश्यप, महाबीर, सुनील, शीला, मांगेराम, हंसराज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कंप्यूटर रिपेयरिंग दुकानदार पर दो युवकों ने की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- वारदात को अंजाम देकर आरोपित दुकान के शटर बंद कर हुए फरार

नरवाना के हरियल चौक के निकट बीती रात दो युवकों ने तेजधार हथियार के बल पर कंप्यूटर रिपेयरिंग दुकानदार को काबू कर वहां से एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, दर्जनभर कंप्यूटर की पुरानी हार्डडिस्क व कुछ नगदी को लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित दुकानदार को दुकान में बंद कर फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ लूट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हरियल चौक के निकट उसकी कंप्यूटर रिपेयरिंग की दुकान है। बीती देर शाम वह दुकान में अपने काम को निपटा रहा था। उसी दौरान दो युवक तेजधार हथियार दरांत के साथ दुकान में घुस आए। युवकों ने उसका मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद लुटेरों ने एक लैपटॉप, चार्जर, चार मोबाइल फोन, दर्जनभर पुरानी हार्ड डिस्क को अपने साथ ले लेकर आए बैग में डाल लिया। इसके बाद लुटेरों ने दराज की तलाशी ली और उसमें से लगभग एक हजार रुपये की नगदी को लूट लिया लूट की वारदात को अंजाम देकर आरोपित बाहर से दुकान का शटर बंद कर फरार हो गए। दूसरे फोन से संदीप ने पुलिस से संपर्क साधकर घटना के बारे में अवगत कराया। पुलिस ने पूरे इलाके की नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों को तलाशा लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना नरवाना पुलिस ने संदीप की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कनाडा वाला सरदार जी बताकर लगाया दो लाख रुपये का चूना

**जींद।** कनाडा वाला सरदार जी बता खाते में आठ लाख रुपये भेजने का झांसा देकर दो लाख रुपये का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडौदा निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बडे. भाई के फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कनाडा वाले सरदार जी बताया। फिर उसने खाते में आठ लाख रुपये भेजने की बात कही। चार लाख रुपये वापस लौटाने तथा और राशि एजेंट की मां के इलाज के लिए देने को कहा। कुछ समय के बाद एजेंट का फोन आया और खाता नंबर देते हुए राशि डालने के लिए कहा। जिस पर उसने दो लाख रुपये उस एजेंट के खाते में डाल दिए। बाद में उसे ठगी का अहसास हुआ।

- आठ लाख रुपये खाते में डालने का दिया था झांसा, मामला दर्ज

# जींद के वार्डों में आज पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नगर आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक जनवरी से जींद शहर के सभी वाडोंर् में जाएगी। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन शहर के आठ वाडारें में पहुंचेगी और आमजन को केंद्र व रा'य सरकार की योजनाओं बारे जागरूक करेगी। नगर आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही विभिन्न योजनाओं व सेवाओं की स्टॉल लगा कर पात्र व वंचितों को लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान मुख्यत आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन 'योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो यूरिया पर विशेष फोक्स रहेगा। पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत जन आरोग्य व चिरायु योजना, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, शहरी, अमृत अभियान, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, खेलों इंडिया पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने पात्र नागरिकों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रमों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं।



जींद। बैठक में यात्रा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए नगरायुक्त सुरेंद्र बेनीवाल।

- यात्रा में शामिल होकर योजनाओं का लाभ उठाएं : बेनीवाल

### रोडवेज चालक आज काले बिल्ले लगाकर करेंगे काम

**जींद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान आजाद गिल, रा'य महासचिव जगदीप लाठर, रा'य उप प्रधान संदीप रंगा ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय संहिता बिल पास किया गया। इस बिल का रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ चालक हित में विरोध करती है। क्योंकि इस बिल के लागू होने से देश और प्रदेश के चालक बर्बाद हो जाएगा। इस बिल में यह प्रावधान है कि अगर कहीं पर कोई एक्सीडेंट हो जाता है तो बड़े वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना होगा। अगर वो ऐसा नही करता है तो 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माना होगा। अगर चालक साथी घायल को अस्पताल ले जाने की हिम्मत भी करता है तो उसको डर होता है कि कहीं आक्रोशित भीड़ उसको जान से न मार दें।

- न्याय संहिता बिल को लेकर जताया रोष



जींद। कब बुलबुल बच्चों के साथ राजेश वशिष्ठ।

- दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त द्वारा बच्चों को किया जाएगा सम्मानित

# 98 कब, 4 बुलबुल को मिलेगा नेशनल गोल्डन एरो अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने दी बधाई

स्काउट के इतिहास में जिला जींद ने कब बुलबुल गतिविधियों में एक बार फिर से रिकार्ड बनाया है। राष्ट्रीय स्तर पर कब बुलबुल गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन पर प्रदेश के 353 बच्चों को प्राथमिक स्तर के सबसे बड़े नेशनल गोल्डन एरो अवार्ड के लिए चुना गया है। खास बात यह है कि जींद जिले के विभिन्न स्कूलों से 98 कब व चार बुलबुल बच्चे चयनित हुए हैं।

जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ के अथक प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। दिल्ली में 22 फरवरी को राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त द्वारा बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर कि इस उपलब्धी पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी व जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन संयोजक, प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक ने जींद की कब बुलबुल गतिविधियों का संचालन करने वाले जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ व उनकी कब बुलबुल टीम,कब मास्टर, लॉक लीडर को बधाई दी। जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इन गतिविधियों के जरिये प्राथमिक कक्षा के बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से सिखाया जाता है। कैंपों में कब (लड़के), बुलबुल (लड़कियां) को नैतिक शिक्षा दी जाती हैं।

## आकाश में बनी रही बादलवाई, दिनभर नहीं हुए सूर्य के दर्शन

# पूर्वा व पछुआ ठंडी हवा के झोंकों से छुटती रही कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

कड़ाके की ठंड अब कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। पिछले दो दिनों से धुंध तथा कोहरे से कुछ हद तक राहत मिली है लेकिन पारा लगातार लुढक रहा है। कडाके की ठंड का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। रविवार को दिनभर आकाश में बादलवाई बनी रही और सूर्य के भी दर्शन नही हुए। पूर्वा तथा पछुआ के ठंडे झौंकों से दिनभर ठंड से कंपकपी छुटती रही। रविवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 67 प्रतिशत तथा हवा की गति छह





जींद। अलाव जलाकर सर्दी दूर करते हुए लोग तथा खेत में फसल को संभालते हुए किसान।

- अधिकतम तापमान बना रहा स्थिर, न्यूनतम तापमान लुढ़क आया छह डिग्री पर

**दिनभर बढ़ी रही ठिठुरन :** रविवार को दिन का आगाज कडाके की ठंड तथा धुंध के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ धुंध छट गई। आकाश में बादवाई भी रही। हवा काफी ठंडी रही। दिनभर सूर्य के भी दर्शन नही हुए और ठंड से कंपकपी छुटती रही। मौसम ठिठूरन भरा बना रहा। लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखा गया। अधिकतम तापमान स्थिर बना रहा। जबकि न्यूनतम तापमान लुढक कर छह डिग्री पर आ गया। ठंड के चलते लोग देरी से घरों से निकले और जल्दी घरो को लौट गए। ठंड का असर जनजीवन पर साफ देखने का मिला।

**अलाव से दूर करते आए सर्दी:** पूरे दिन कोहरा के साथ-साथ सर्द हवा के चलने से तापमान में गिरावट रही। बाजारों, गलियों में अलाव जला कर सर्दी को दूर करते लोग नजर आए। अलाव के सहारे लोग झूंड बना कर बैठ सर्दी को दूर कर रहे थे। आम दिनों की अपेक्षा हालांकि कोहरा कम था लेकिन तापमान में गिरावट के चलते ठंड अधिक थी। किसान राजरूप, सुरेंद्र, बलवान ने कहा कि तापमान कम होने के साथ कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है।

### फसलों के लिए फायदेमंद और सब्जियों के लिए नुकसानदायक

ठंड गेहूं, सरसों, चना, बरसीम के लिए तो फायदेमंद है लेकिन सब्जियों के लिए नुकसान दायक है। आलू, टमाटर, बेल वाली सब्जियों के ठंड से झुलसने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। ठंड मोटी फसलों के लिए तब तक फायदेमंद है जब तक अच्छी धुंध या ओंस पड़ती है। ज्यादा सूखी ठंड मोटी फसलों के लिए भी नुकसानदायक हो सकती है। क्योंकि सर्द मौसम में अबतक बारिश नही हुई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान ठंड को देखते हुए शाम को फसलों की सिंचाई करें। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आकाश में बादलवाई बने रहेगी।

